आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 17.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले सात वर्षों में पोषण अभियान, जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है।
- केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने देहरादून में उत्तराखंड ए.आई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश में पीएमश्री योजना की तर्ज पर स्कूलों के लिए योजना संचालित करने के निर्देश दिए।
- चमोली के नवनियुक्त जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

पोषण माह समापन

देहरादून में आज आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन हो गया। समापन समारोह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले सात वर्षों में पोषण अभियान जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार का पोषण माह इसलिए भी खास रहा, क्यूंकि इस बार केवल महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष और युवा भी पोषण माह का अभिन्न हिस्सा बने हैं, जिससे यह वास्तव में समावेशी अभियान बना।
कार्यक्रम में प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सबसे आवश्यक है कि देश की हर महिला और बच्चे को उचित पोषण मिले।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों के 5 हजार 211 लाभार्थियों को सितंबर माह के लिए एक करोड़ 56 लाख रुपए से अधिक की धनराशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई।

ए.आई इम्पैक्ट समिट

केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज देहरादून में उत्तराखंड ए.आई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ''उभरती प्रौद्योगिकी और ए.आई विजन'' विषय पर अपने विचार साझा किए। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरुप यह आयोजन जिम्मेदार और समावेशी ए.आई. को अपनाकर न केवल उद्यमिता को सशक्त बनाएगा, बल्कि नवाचार के साथ शासन में भी पारदर्शिता लाकर डिजिटल उत्तराखंड विज़न को आगे बढ़ाएगा।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय में पीएम श्री और लखपति दीदी योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना के तहत स्कूलों में स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्कूलों को 5 वर्षों तक 40–40 लाख रुपए की धनराशि दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएमश्री योजना की तर्ज पर प्रदेश में भी योजना संचालित की जाए,

जिससे स्कूलों में बच्चों के पठन–पाठन के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकें। उन्होंने क्लस्टर विद्यालयों से इसकी शुरूआत किए जाने पर बल दिया। मुख्य सचिव ने लखपति दीदी योजना को और अधिक कारगर बनाए जाने व स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों में तकनीक के अधिकतम उपयोग से गुणवत्ता सुधार के लिए लगातार क्षमता विकास कार्यक्रम संचालित किए जाने के भ्सी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय संचालन समिति और राज्य स्तरीय निगरानी समिति का गठन शीघ्र कर इनकी निरंतर बैठकें आयोजित की जाएं। मुख्य सचिव ने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने, ई–कॉमर्स प्लेटफार्म, रिटेल चेन आदि पर अधिक से अधिक ध्यान देने को कहा। साथ ही उत्पादों को हाउस ऑफ हिमालयाज़ में शामिल किए जाने की बात कही।

बदरीनाथ मास्टर प्लान

चमोली के नवनियुक्त जिलाधिकारी गौरव कुमार ने आज बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीर्थ पुरोहित और पंडा समाज के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनकर जल्द ही समाधान का भरोसा दिया।

केंद्रीय राज्य मंत्री/समीक्षा

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज चम्पावत जिले की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में केंद्र और राज्य पोषित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा, जल–जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और पोषण योजना सहित विभिन्न योजनाओं की वर्गवार समीक्षा कर योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली गई। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जिले में मनरेगा, महिला समूहों, कृषि और पीएमजीएसवाई आदि में तेज गति से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम में चम्पावत जिला प्रथम स्थान में रहा है।

खाद्य पदार्थ छापेमारी

दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने आज बागेश्वर जिले के कौसानी, गरूड़, बैजनाथ, भराड़ी और कांडा समेत नगर क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को साफ–सफाई और शुद्ध सामग्री के प्रयोग के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडे ने बताया कि टीम ने कई प्रतिष्ठित मिठाई दुकानों और स्टोर्स का निरीक्षण किया और सात नमूने जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।